भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

31 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के नगीना (बिजनौर) और बागपत में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

2007 में समझौता ब्लास्ट के समय देश में सपा-बसपा के समर्थन से चलने वाली सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार और राहुल गाँधी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देने वाले गौरवशाली हिंदू समुदाय को 'हिंदू आतंकवाद' के नाम से पूरी दुनिया में बदनाम करने का महापाप किया। हिंदू समुदाय का पूरी दुनिया में अपमान करने के लिए राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

****

राहुल गाँधी ने पूरी दुनिया में हिंदू समुदाय का अपमान किया, अमेठी में विकास का कोई काम नहीं किया, इसी का नतीजा है कि राहुल गाँधी अमेठी छोड़कर केरल की ओर भागे हैं। राहुल गाँधी अमेठी छोड़ केरल इसलिए भागे हैं क्योंकि इस बार अमेठी की जनता उनसे हिसाब चुकता करने वाली है

****

यह सर्वविदित है कि कांग्रेस की सरकार में गृह मंत्री रहते हुए सुशील कुमार शिंदे और पी चिदंबरम ने वोटबैंक की राजनीति चमकाने के लिए हिंदू आतंकवाद की झूठी कहानी गढ़ी थी। राहुल गाँधी ने भी कहा था कि भारत को लश्कर-ए-तैयबा से नहीं, हिंदू टेरर से है लेकिन अब अदालत के निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि हिंदू आतंकवाद नाम की कोई चीज थी ही नहीं

****

एक ओर कांग्रेस की यूपीए सरकार ने वोट बैंक की पॉलिटिक्स के लिए गौरवशाली हिंदू समुदाय को आतंकवाद के साथ जोड़ दिया तो दूसरी ओर पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को भी क्लीन चिट दे दी और समझौता ब्लास्ट के असली गुनाहगारों को छोड़ दिया

****

केरल में राहुल गाँधी तुष्टीकरण की राजनीति कर उसके आधार में चुनाव जीतना चाहते हैं। राहुल गाँधी, आपने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है, आप जहां भी जायेंगे, देश की जनता आपसे हिसाब जरूर मांगेगी

****

क्या कारण है कि सपा, बसपा, कांग्रेस और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की भाषा एक जैसी है। अखिलेश यादव, राहुल गाँधी और मायावती सेना के पराक्रम का सबूत मांगते हैं। सैम पित्रोदा आतंकवादियों से बात करने को कहते हैं। आतंकवादी हम पर हमला करते रहें और हम चुप रहें, यह नहीं हो सकता

****

एक और देश को सुरक्षित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं तो दूसरी ओर वोट बैंक के कारण देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले राहुल गांधी और सपा-बसपा। आतंकियों को जड़ से ख़त्म करने के लिए हर मुमकिन कदम उठाये जायेंगे क्योंकि यह 'न्यू इंडिया' है

****

पूरे देश ने देखा कि किस तरह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सफाई कर्मचारियों के चरण पखार कर उन्हें सम्मान दिया और देश व दुनिया में सामाजिक समरसता के एक नए अध्याय की शुरुआत की

****

यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसने बाबा साहब को संसद जाने से रोका, यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसके सत्ता में रहते बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिला। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी ने तो संसद में बाबा साहब का तैल चित्र तक नहीं लगने दिया

****

योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में 20 सालों बाद कानून का शासन कायम हुआ है। अपराधी राज्य छोड़ कर भागने को विवश हो रहे हैं। पलायन का खौफ समाप्त हो रहा है

****

सपा-बसपा के शासन में 2011 से 2015 के बीच गन्ना किसानों को कोई भुगतान नहीं हुआ। केंद्र में मोदी जी और राज्य में योगी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद 2011 से लेकर 2017 तक के गन्ना किसानों के लगभग 57,000 करोड़ रुपये के बकाये का भुगतान किया गया है

****

सपा-बसपा के समर्थन से केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को पांच साल में केवल 3,30,000 करोड रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने पांच वर्षों में मोदी सरकार ने लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं जो कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है

****

देश के लगभग 13 करोड़ किसानों के लिए 75,000 करोड़ रुपये की लागत से ₹ 6,000 की वार्षिक सहायता की राशि मोदी सरकार उपलब्ध करा रही है। जबकि कांग्रेस ने अपने पूरे जीवन केवल एक बार, वह भी केवल तीन करोड़ किसानों के सिर्फ 52 हजार करोड़ रुपये ही माफ़ किये थे

****

एक दूसरे का मुंह न देखने वालाविपक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से जनता में उनकी सर्वप्रिय स्वीकार्यता के डर से इकट्ठे होने पर मजबूर हुए हैं। श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है लेकिन कांग्रेस-सपा-बसपा तुष्टीकरण की राजनीति करती है

****

हिंदुस्तान में उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एक ही लहर है, एक ही नारा है - मोदी...मोदी...मोदी...। उत्तर प्रदेश में जिसे भी इकठ्ठा होना है, हो जाए, भारतीय जनता पार्टी लड़ाई लड़ने तैयार है। इस बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीटें 73 से 74 होंगी, 72 नहीं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के नगीना (बिजनौर) और बागपत में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और राहुल गाँधी के केरल से चुनाव लड़ने और समझौता ब्लास्ट मामले में हिंदुओं को बदनाम करने की साजिश रचने के लिए राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी पर जबरदस्त हमला किया।

श्री शाह ने कहा कि **हिंदुस्तान में उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एक ही लहर है, एक ही नारा है - मोदी...मोदी...मोदी...।** लेकिन यदि विपक्षी महामिलावटी गठबंधन वालों की कोई सभा हो तो उसमें किस नेता का नाम लिया जाएगा क्योंकि उनका न तो कोई नेता है, न नीयत और ना ही कोई सिद्धांत। उन्होंने कहा कि **एक दूसरे का मुंह न देखने वालाविपक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से जनता में उनकी सर्वप्रिय स्वीकार्यता के डर से इकट्ठे होने पर मजबूर हुए हैं।**

विपक्षी महामिलावटी गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है लेकिन कांग्रेस-सपा-बसपा तुष्टीकरण की राजनीति करती है।** समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट मामले पर पंचकुला कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि **2007 में समझौता ब्लास्ट के समय देश में सपा-बसपा के समर्थन से चलने वाली सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार ने इसे हिंदू आतंकवाद की संज्ञा देने का घृणित पाप किया था। 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देने वाले और अहिंसा एवं आपसी सौहार्द्र को ही अपना धर्म समझने वाले गौरवशाली हिंदू समुदाय को पूरी दुनिया में बदनाम करने का महापाप राहुल गाँधी और कांग्रेस की सरकार ने किया।** क्या ऐसा सोचा भी जा सकता है कि हिंदू कभी आतंकवाद के साथ जुड़ा हो सकता है? हम तो चर-अचर, सब में ईश्वर की अनुभूति करने वाले लोग हैं। **एक ओर कांग्रेस की यूपीए सरकार ने वोट बैंक की पॉलिटिक्स के लिए गौरवशाली हिंदू समुदाय को आतंकवाद के साथ जोड़ दिया तो दूसरी ओर कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को भी क्लीन चिट दे दी और समझौता ब्लास्ट के असली गुनाहगारों को छोड़ दिया। असली गुनाहगारों को छोड़ कर बेकुसूर हिंदुओं को जेल में डाल कर कांग्रेस की सरकार ने देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का पाप किया है।**

यह सर्वविदित है कि कांग्रेस की सरकार में गृह मंत्री रहते हुए सुशील कुमार शिंदे और पी चिदंबरम ने वोटबैंक की राजनीति चमकाने के लिए हिंदू आतंकवाद की झूठी कहानी गढ़ी थी। इतना ही नहीं, राहुल गाँधी ने तब अमेरिका के राजदूत से कहा था कि भारत के लिए लश्कर-ए-तैयबा ख़तरा नहीं है, हिंदू टेरर है लेकिन अब अदालत के निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि हिंदू आतंकवाद नाम की कोई चीज थी ही नहीं। हिंदू समुदाय का पूरी दुनिया में अपमान करने के लिए राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।

राहुल गाँधी पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी ने पूरी दुनिया में हिंदू समुदाय का अपमान किया, अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में विकास का कोई काम नहीं किया, इसी का नतीजा है कि राहुल गाँधी अमेठी छोड़कर केरल की ओर भागे हैं। राहुल गाँधी अमेठी छोड़ केरल इसलिए भागे हैं क्योंकि इस बार अमेठी की जनता उनसे हिसाब चुकता करने वाली है। केरल में राहुल गाँधी तुष्टीकरण की राजनीति कर उसके आधार में चुनाव जीतना चाहते हैं। राहुल गाँधी, आपने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है, आप जहां भी जायेंगे, देश की जनता आपसे हिसाब जरूर मांगेगी।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में 20 सालों बाद कानून का शासन कायम हुआ है। अपराधी राज्य छोड़ कर भागने को विवश हो रहे हैं। पलायन का खौफ समाप्त हो रहा है** क्योंकि पलायन पर मजबूर करने वाले अपराधी तत्व खुद अपनी जान की भीख मांग रहे हैं। **सपा-बसपा के शासन में 2011 से 2015 के बीच गन्ना किसानों को कोई भुगतान नहीं हुआ। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और राज्य में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद 2011 से लेकर 2017 तक के गन्ना किसानों के लगभग 57,000 करोड़ रुपये के बकाये का भुगतान किया गया है। इतना ही नहीं, लोक सभा चुनाव समाप्त होने के पहले-पहले ही सभी गन्ना किसानों के एकाउंट में उनके बकाये का भुगतान हो जाएगा क्योंकि यह प्रक्रिया पहले से ही चल रही है।** उन्होंने कहा कि चीनी मिलों की क्षमता में भी विस्तार किया गया है। लगभग 36,000 करोड़ रुपये की लागत से मेरठ से प्रयागराज तक का गंगा एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। गढ़मुक्तेश्वर में 20 करोड़ की लागत से गंगापुर घाट बनाने का काम किया गया है। एक जनपद एक उत्पाद के तहत उत्तर प्रदेश के हर जिले का विकास हो रहा है।

श्री शाह ने कहा कि दलितों, पिछड़ों और शोषितों के कल्याण के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने कई योजनायें शुरू की हैं। हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए वैश्विक धरोहर कुंभ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि **पूरे देश ने देखा कि किस तरह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सफाई कर्मचारियों के चरण पखार कर उन्हें सम्मान दिया और देश व दुनिया में सामाजिक समरसता के एक नए अध्याय की शुरुआत की।** उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की दुहाई देने वाले राहुल गांधी-अखिलेश और मायावती से मैं पूछना चाहता हूँ कि किसने बाबा साहब को संसद जाने से रोका था? **यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसने बाबा साहब को संसद जाने से रोका, यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसके सत्ता में रहते बाबा**

साहब को भारत रत्न नहीं मिला। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी ने तो संसद में बाबा साहब का तैल चित्र तक नहीं लगने दिया। यह भारतीय जनता पार्टी है जिसके समर्थन से बाबा साहब को 'भारत रत्न' मिला, संसद में तैल चित्र लगाया गया और बाबा साहब से जुड़े पञ्च तीर्थों का उद्धार किया है। नई दिल्ली में अंबेडकर इंटरनेशनल स्टडी सेंटर बना कर पूरे विश्व में दलितों को सम्मान दिलाने का काम किया है। 26 नवंबर को बाबा साहेब की याद में संविधान दिन बनाने की शुरुआत की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **सपा-बसपा के समर्थन से केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को पांच साल में केवल 3,30,000 करोड रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने पांच वर्षों में मोदी सरकार ने लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं जो कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।** किसानों के लिए उठाये गए अनगिनत इनिशिएटिव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि **देश के लगभग 13 करोड़ किसानों के लिए 75,000 करोड़ रुपये की लागत से ₹ 6,000 की वार्षिक सहायता की राशि मोदी सरकार उपलब्ध करा रही है। जबकि कांग्रेस ने अपने पूरे जीवन केवल एक बार, वह भी केवल तीन करोड़ किसानों के सिर्फ 52 हजार करोड़ रुपये ही माफ़ किये थे।**

श्री शाह ने कहा कि **पहले उरी और अब पुलवामा में हुए पाक प्रेरित आतंकवादियों के हमले का जवाब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिकी इच्छाशक्ति और सेना के पराक्रम के बल पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक करके दिया गया, आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैम्प को ध्वस्त किया तो अखिलेश यादव, राहुल गाँधी, मायावती और कांग्रेस के तमाम नेता सेना के पराक्रम का सबूत मांगने लगे। राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकवादियों से बात करो। आतंकवादी हम पर हमला करते रहें और हम चुप रहें, यह नहीं हो सकता। आतंकियों को जड़ से ख़त्म करने के लिए हर मुमकिन कदम उठाये जायेंगे क्योंकि यह 'न्यू इंडिया' है। क्या कारण है कि सपा, बसपा, कांग्रेस और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की भाषा एक जैसी है। इन्होंने डोकलाम, सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक के वक्त यही किया।** उन्होंने कहा कि **एक और देश को सुरक्षित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं तो दूसरी ओर वोट बैंक के कारण देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले राहुल गांधी और सपा-बसपा।** उत्तर प्रदेश में जिसे भी इकठ्ठा होना है, हो जाए, भारतीय जनता पार्टी लड़ाई लड़ने तैयार है। इस बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीटें 73 से 74 होंगी, 72 नहीं। मोदी सरकार के पांच वर्षों में कांग्रेस के एक परिवार की चार-चार पीढ़ियों की सरकारों से कहीं ज्यादा काम हुआ है। उन्होंने प्रदेश की जनता से 2014 से भी अधिक बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने की अपील की।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव